## होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबन्धन, मुख्यालय मध्यप्रदेश

**//परिपत्र कमांक–22//**

क्रमांक / 1165 /निस/डीजी /2018 भोपाल, दिनांक 01 अगस्त, 2018

प्रति,

समस्त डिवीजनल कमाण्डेन्ट
होमगार्ड मध्यप्रदेश ।

विषयः– उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ 2016 मेला ड्यूटी हेतु नामांकित किये गये अस्थाई स्वयंसेवी होमगार्ड सैनिक को स्थाई कंपनी के दल में सम्मिलित करने के बावत्।

––00––

विषयान्तर्गत में जैसे कि आपको विदित है कि उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ 2016 मेला ड्यूटी हेतु नामांकित जिन अस्थाई स्वयंसेवकों को स्थाई कंपनी में शामिल किये जाने के दौरान उनकी प्रोफाईल (Profile) बनाये जाने के निर्देश दिये गये थे। मुझे अवगत कराया गया है कि उनकी प्रोफाईल बना ली गई है।

प्राप्त जानकारी में मुझे दर्शाया गया है कि कई सम्भागीय कार्यालयों जैसे संभागीय कार्यालय शहडोल में कोई लिपिकीय कर्मचारी पदस्थ नहीं है, इस कारण वहॉ कार्यों को सुचारू रूप से संपादन करने में कठिनाईयां आ रही हैं। इसी प्रकार अनेक जिला कार्यालयों / इकाईयों में भी लिपिकीय कर्मचारियों की कमी है। अतः यह उचित होगा कि उपरोक्त स्वयंसेवी होमगार्ड मैं से ऐसे स्वयंसेवी होमगार्ड जो **लेखा, कम्प्यूटर** एवं **कार्यालयीन कार्यो** का अनुभव रखते हैं अथवा रूचि रखते हैं, उन्हें चिन्हित कर डिवीजनल अथवा जिला कमाण्डेन्ट अपने कार्यालय तथा अगर **स्वयंसेवी होमगार्ड सैनिक** इच्छुक हो तो उन्हें मध्यप्रदेश के अन्य संभागों में भी उक्त कार्य हेतु भेजा जा सकता है, आवश्यक हो तो उन्हें अनुसचिवीय वर्ग का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। इससे विभाग की जिन ईकाईयों में लिपिकों की कमी है, उसकी भरपाई की जाकर व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से समस्त होमगार्ड इकाईयों में कार्य संपादित किया जा सकेगा।

**(महान भारत सागर)**
महानिदेशक 1.8.18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश

क्रमांक / 1166 /निस/डीजी /2018 भोपाल, दिनांक 01 अगस्त, 2018

प्रतिलिपिः–

1– एडीशनल डायरेक्टर जनरल, होमगार्ड मध्यप्रदेश जबलपुर ।

2– एडीशनल कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्ड मध्यप्रदेश जबलपुर ।

3– सीनियर स्टाफ आफीसर (स्था0/वित्त) होमगार्ड मध्यप्रदेश जबलपुर ।

4– समस्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट, होमगार्ड मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

महानिदेशक 1.8.18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश

<u>आन्तरिक</u>
कार्यालय अधीक्षक/प्रशि0 शाखा